प्रेस नोट दिनांक 06.11.2024
थाना भोजीपुरा जनपद बरेली ।

युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म व हत्या करने का प्रयास करने वाला अभियुक्त 36 घण्टे में गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त वैगनार कार, पीडिता का मोबाइल तथा अभियुक्त के खून से सने हुए कपडे बरामद ।

दिनांक 04.11.2024 को वादिनी द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र बावत अभियुक्त अभय प्रताप पुत्र शिशुपाल निवासी भोजपुर थाना कादर चौक जनपद बदायूं द्वारा वादिनी की बहन को शादी का झांसा देकर पिछले 06 साल से शारीरिक सम्बन्ध बनाने तथा शादी करने को कहने पर अभियुक्त अभय प्रताप उपरोक्त द्वारा अपने साथी मोनू पुत्र स्व0 प्रेमकुमार निवासी मोहल्ला गांधी नगर थाना कोतवाली जनपद बदायूं से साथ मिलकर वादिनी की बहन को कमरे पर छोडने के बहाने कार में बैठाकर रस्सी से गला दबाकर व काँच की बोतल मारकर हत्या करने की प्रयास करने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 789/24 धारा 69/109/351(3) बीएनएस व 3(2)(va) एससीएसटी एक्ट पंजीकृत कराया गया ।

महिला सम्बन्धी अपराध की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुए एवं तत्परता दिखाते हुए थाना भोजीपुरा पुलिस टीम द्वारा नामजद वांछित अभियुक्त अभय प्रताप पुत्र शिशुपाल निवासी भोजपुर थाना कादर चौक जनपद बदायूं को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 06.11.2024 को समय 12.30 बजे ग्राम घुर व मिलक इमामनगर गौटिया तिराहे से 36 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार करते हुए अभियुक्त के कब्जे से घटना के समय अभियुक्त द्वारा पहने हुए खून से सने कपडों, पीडिता के मोबाइल कम्पनी REALME तथा घटना में प्रयुक्त कार वैगनार नं0 UP76R4436 बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है ।

गिरफ्तार अभियुक्तः-अभय प्रताप पुत्र शिशुपाल निवासी भोजपुर थाना कादर चौक जनपद बदायूं ।

आपराधिक इतिहासः- अभियुक्त अभय प्रताप पुत्र शिशुपाल उपरोक्त
1.मु0अ0सं0 10712022 धारा 138 (1)(b) भारतीय विद्युत अधिनियम (संशोधन) 2003 थाना एन्टी पावर थेप्ट जिला बदायूं
2.मु0अ0सं0 789/2024 धारा 69/109/351(3) बीएनएस व 3(2)(va) एससीएसटी एक्ट थाना भोजीपुरा, बरेली

बरामदगीः-
1.घटना के समय अभियुक्त के पहने हुए खून से सने कपडे (शर्ट व बनियान)
2.पीडिता का मोबाइल कम्पनी REALME
3.अभियुक्त का मोबाइल कम्पनी SAMSUNG
2.घटना में प्रयुक्त कार वैगनार नं0 UP76R4436

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-
1.प्रभारी निरीक्षक श्री प्रवीन सोलंकी थाना भोजीपुरा, बरेली ।
2.उ0नि0 श्री संजय कुमार थाना भोजीपुरा, बरेली ।
3.का0 लक्की सिंह थाना भोजीपुरा, बरेली ।
4.का0 विपिन कुमार थाना भोजीपुरा, बरेली ।
5.का0 सचिन कुमार थाना भोजीपुरा, बरेली ।